उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1875 दिनांक /Date.: 22/03/2021

संवाद–101

विषय– आयोग द्वारा दिनांक 15.03.2021 से 17.03.2021 के मध्य सम्पन्न ऑनलाईन परीक्षाओं के प्रश्न, उत्तर तथा सही उत्तर(Answer Key) का प्रकाशन व प्रश्नों/उत्तरों पर चुनौती का अवसर।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आप अवगत हैं कि आयोग द्वारा दिनांक 15.03.2021 से 17.03.2021 के मध्य लेखा लिपिक (142पद), आशुलिपिक (158 पद) के पदों पर ऑलाईन (C.B.T व T.B.T) परीक्षाओं का आयोजन अलग–अलग शिफ्ट में कराया गया था। इन परीक्षाओं में सम्मिलित प्रत्येक अभ्यर्थी का प्रश्न पत्र व प्रत्येक प्रश्न का अभ्यर्थी द्वारा दिया गया उत्तर तथा मानक उत्तर कुंजी के अनुसार प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर आयोग की वेबसाईट पर दिनाँक 22मार्च, 2021 को प्रकाशित कर दिया गया है।

इस विवरण को P.D.F File के रूप में Download करने अथवा प्रिंट करने के लिए अभ्यर्थी निम्नानुसार कार्यवाही कर सकते हैं।

1– आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर जायें।
2– होम पेज पर C.B.T Online Objection link पर क्लिक करें।
3– View Answer Sheet बटन क्लिक करें।
4– इसके बाद अपना अनुक्रमांक, जन्म तिथि परीक्षा की तिथि तथा परीक्षा की पाली (batch या शिफ्ट)दर्ज करें।
5– इसे Submit करने पर अभ्यर्थी का विवरण दिखेगा इसके बाद Click here to view attempted Question paper बटन पर क्लिक करके अभ्यर्थी का फोटो व विवरण दिखेगा साथ ही प्रत्येक प्रश्न उसके साथ अभ्यर्थी द्वारा दिया गया उत्तर (Choosen option) तथा मानक उत्तर कुंजी के अनुसार उत्तर (Correct Answer) प्रश्नवार दिख जायेगा। प्रश्न या उत्तर पर चुनौती भी इसी लिंक पर ऑलाईन दर्ज कर सकते हैं अभ्यर्थी जितना सही समझें उतने प्रश्नों या उत्तरों पर (Add New objection)के बटन पर क्लिक कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। अपनी आपत्ति के साथ पाठ्य सामग्री जिसके आधार पर आपत्ति की जा रही है, को भी uploadकरना अनिवार्य है आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 27.03.2021 है इसके उपरान्त कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी साथ ही ऑफ़लाईन आपत्ति भी स्वीकार नहीं की जायेंगी।

22/3

(संतोष बडोनी)
सचिव।

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com